

# શાહે નેઅમત (રઝી.)

મુસન્નિફ

શમ્સુલ્ ઉલમા, મુફસ્સિરુલ્ કુરઆન, મૌલાના
સૈયદ મીરાંજી આબિદ ખૂંદમીરી સાહબ

નાઝિમ

મર્હૂમ કારી અબ્દુર્રહીમ મિયાંભાઇ પાનવાલા ''આરિફ''

**સિદ્દીકિયા એકેડમી-ડભોઇ (ગુજરાત)** ૧૯૮૧

**New Edition** **ન્યૂ સિદ્દીકિયા એકેડમી-ડભોઇ (ગુજરાત)** ૨૦૨૦

બિસ્મિલ્લાહિર્રહ્માનિર્રહીમ

# હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.)

## *નામ-વ-નસબ*

હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) હઝરત ઈમામુના વ સૈયદના સૈયદ મુહમ્મદ જૌનપુરી મેહદી-એ-મવઊદ અલયહિસ્સલવાતો વસ્સલામ કે જલીલુકદ્ર સહાબી, અઝીમ મરતબત ખલીફે ઔર ઉન (૧૨) બારહ મુક્કદસ હસ્તીયોં મે તીસરે ગીને ગએ હૈં. જિનકો હઝરત મેહદી અલયહિસ્સલામ ને કતઈ જન્નતી હોને કી બશારત દી હૈ.

આપકા ઈસ્મ શરીફ(નામ મુબારક) નેઅમત (રઝી.) હૈ, લેકીન હુઝૂર મેહદી (અ.સ.) સે મુલાકાત કે વક્ત પર હુઝૂર કી નઝરે ફૈઝ અસર આપ પર પળી તો આપને "શાહે નેઅમત" કે નામ સે યાદ ફરમાયા. ઉસી વક્ત સે આપ કૌમ મેં "શાહે નેઅમત" કે નામ સે મશહુર હૈં.

આપકે વાલીદ કા નામ શેખ બળે ઔર એક દુસરી રિવાયત મેં મલિક બળે બતલાયા જાતા હૈ. જો શેખ બ્યાની સિદ્દીકી થે. યાની ઉનકા સિલસિલા-એ-નસબ હઝરત અબુબકર સિદ્દીક રઝીઅલ્લાહો અન્હો સે મિલતા હૈ. આપકે વાલીદ ગુજરાત કે બાદશાહ સુલ્તાન મેહમુદ બેગડે કે દૌરે હુકુમત મેં એક બળે અમીર ઔર મનસબદાર થે-જીન પર બાદશાહ કા એતેમાદ થા.

## *આલમે સબાબ*

વાલિદ કે ઈન્તેકાલ કે બાદ ઉનકા મનસબ (હોદ્દા)-જો ઉનકા હક થા વો પુરા મીલના ચાહીએ થા-પર નહી મીલા. બલ્કિ કમી કે સાથ મીલા, જીસકો યે નૌજવાન બરદાસ્ત ન કર સકા. યું ભી ઉમ્ર કમ થી, નૌજવાની મેં

કદમ રખ્ખા થા, તબીયત મેં સખ્તી થી ઔર ખ્વાહ-મ-ખ્વાહ બિલા કિસી સબબ કે રિવાયતી અંદાઝ મેં કિસી કી ઈઝઝત વ હુરમત કરના ઉનકે બસ કી બાત નહીં થી. પહેલવાન થે ઔર સિપાહગીરી ભી જાનતે થે. રઈસ બનને કી ન ખ્વાહીશ થી ઔર ન રિયાસત કી પરવા-યે બાતેં તો નહી થી. ઉન પર વાલિદ કે ઈન્તેકાલ ઔર મનસબ મેં કમી ને જલતે પર તેલ કા કામ કિયા ઔર તબિયત મેં ઉસ દૌર કે શાહી નિઝામ હી કે ખિલાફે બગાવત કે રુહજાનાત પૈદા હોને લગે.

ચુનાંચે રિવાયત હૈ કે એક દફા બાતોં-બાતોં મેં તકરાર હો ગઈ ઔર ગુજરાત કે બળે લોગોં મેં સે સાત અફરાદ કો કત્લ કર દીયા. પચ્ચીસ-તીસ આદમીયોં કો હમવાર કર કે અપને સાથ લે લીયા ઔર હુકુમત કો પરેશાન કરના શુરૂ કીયા. અહેમદાબાદ કે અકનાફ મેં લુંટ વ ખસોટ શુરૂ કી. કત્લો ગારતગીરી કા બાઝાર ગર્મ હો ગયા. જાહીર હૈ કી વો ઈસ તરફ હુકુમત કો ચેલેંજ કર રહે થે. હુકુમત અગર ચે ઉનકી તરફ મુતવજજે હો ચુકી થી ઔર ઉનકો ગિરફતાર કરને કે લીએ દૌળ-ધુપ જારી થી. મગર વો કિસી કે ભી હાથ ન લગ સકે થે. એક દિન અબ્દુલ્લાહ હબસી નામી શાહી ગુલામ કે લડકે કો કત્લ કર દીયા. યે વાકિઆ બહારે રાસ્ત બાદશાહ કો લલકાર થી. ફૌરન કઈ સૌ ઘોડેસવાર-જો ઈસ ફન મેં ઈન્તેખાબ થે ઉનકી ગિરફતારી કે લીએ હરકત મેં આ ગએ, લેકીન આપને ઉનકી મુતલક પરવા નહીં કી ઔર આસપાસ કે ઈલાકો મેં હુકુમતે વક્ત કો હિરાસાં ઔર પરેશાન કરને કે કામ કો બરાબર જારી રખ્ખા. સરકારી સિપાહીયોં કો આપકી હવા તક નહીં લગ સકી થી. બિલઆખિર વોહ આપકે તઅકુબ સે થક ગએ થે, ઔર ઈધર શાહે નેઅમત (રઝી.)  કે તરફદારોં મેં બરાબર

ઈઝાફા હોતા ચલા જા રહા થા. કહેતે હૈ કે ઉમરા વ જાગીરદારોં બરાબર ઔર ઝમીનદારોં કો લુંટ કર જો માલ હાંસિલ કરતે થે વો ગરીબોં, મોહતાજો ઔર કમજોર તબકો મેં તક્સીમ કર દેતે થે. ઈસ તરફ ગરીબોં ઔર નિરે સમાજ કે હાથોં કુચલે હુવે તબકો મેં આપ હર દિલ અઝીઝ ઔર મકબુલ થે.

એક દિન આપને સૌ (૧૦૦) સવાર સાથિયોં કે સાથ સાંતેજ કી તરફ ચલે જા રહે થે કે આપકે તઅકુબ મેં રહનેવાલી સરકારી ફૌજ કો આપકી હરકત કા કિસી તરહ પતા ચલ ગયા ઔર વોહ આપકી મંઝીલ કા સુરાખ પાને મેં કામયાબ હો ગએ. બસ ક્યા થા...! સરકારી ફૌજ આપકે પીછે હો ગઈ. આપ અપને સાથિયોં કે સાથ બરાબર આગે બઢતે જા રહે હૈં ઔર પીછે સરકારી ફૌજ કા દસ્તા તઅકુબ કરતા હુવા ચલા આ રહા હૈ.

## *કરીશ્મ-એ-કુદરત ઔર તૌફીકે હક*

એક ઐસા શખ્સ જો એક અરસે સે હુકુમતે વકત કો પરેશાન કર રહા થા. જીસને કંઈ લોંગોં કો કત્લ કર દીયા હૈ. જીસને કંઈ લોંગોં કો લુટ લીયા હૈ ઔર જીસને શાહી ગુલામ કે લડકે તક કો કત્લ કર દીયા હૈ ઔર જીસકે નતીજે મેં હુકુમત કી પુરી મશીનરી ઉસકો ગિરફ્તાર કરને કે લીએ કુવ્વત કે સાથ હરકત મેં આ ગઈ હૈ ઔર વોહ બરાબર ફૌજ કો ચક્મા દે કર સાફ બચ કર નીકલ જાતા હૈ ઔર અચાનક એક વકત ઐસા આ જાતા હૈ કે વોહ શખ્સ અપને સાથિયોં સમેત ઉનકી નજરોં મે આ જાતા હૈ ઔર ઉન્હેં યકીન હો જાતા હૈ કે યે અબ કિસી તરહ હમ સે બચ કર જા નહી સકતા ઔર વોહ બહુત કરીબ સે ઉસકા તઅકુબ કર રહે હૈં કે ઐસે મેં શાહે નેઅમત (રઝી.) કે કાનોં મેં ઝોહર યા અસર કી નમાઝ કી અઝાન કી

આવાઝ આતી હૈ. તઅકુબ કે ખૌફ પર અલ્લાહ કી અઝમત ઔર જલાલ કા જઝ્બા ગાલિબ હો જાતા હૈ. બાદશાહ કે સિપાહીયોં કે હાથોં ગિરફતાર હોને સે ઝયાદા દરબારે ખુદાવંદી મેં માખુઝ હોને કા ખ્યાલ દામનગીર હો જાતા હૈ ઔર તમામ વસવસો ખદસો કો જો ઉનકી ગિરફતાર હોને કે તઅલ્લુક સે યકીન કી શક્લ ઈખ્તિયાર કર રહે થે. સર સે ઝટક કર અલ્લાહુ અકબર કે પુરતાસિર કલમાત કો સુનના શુરૂ કર દિયા ઔર જબ મોઅઝ્ઝિન ને ‘હય્ય અલસ્સલાત’ કહા તો આપને સાથિયોં સે કહા કી, ‘અઝાન હો રહી હૈ- નમાઝ પઢ લેની ચાહીએ.’ સાથિયોં ને ફૌરન્ જવાબ દિયા, ‘દુશ્મન પીછે ચલા આ રહા હૈ. તઅકુબ મુસલસલ કીયા જા રહા હૈ ઔર જરા રૂકને પર પકડે જાને કા કવી અંદેશા હૈ. ઈન હાલાત મેં યહાં રૂકના મુનાસિબ નહીં.’ લેકીન ઈસ જવાબ કા ભી સરદાર કે દિલ પર કોઈ અસર નહી હુવા. ઉસને ઉન ખુદસાસ કી મુતલક પરવા નહી કી. સાથી યે દેખતે હુવે અપને ઘોડે સરપટ દૌળાતે હુવે આગે બઢ ગએ કે ઉનકા સરદાર ઘોડે સે ઉતર કર વુઝુ કર રહા હૈ. સાથિયોંને ભાગને મેં આફીયત સમઝી ઔર સરદારને રૂક કર નમાઝ પઢ ને મેં અપની સઆદત જાની.

ગરજ આપને વુઝુ કીયા ઔર નમાઝ પઢ ને મેં મશ્ગુલ હો ગએ ઈતને મેં શાહી સિપાહીયોં કા દસ્તા કરીબ આ ગયા. દેખા કે એક શખ્સ કા ઘોડા દરખ્ત કે નીચે ખડા હુવા હૈ ઔર સવાર નમાઝ મેં મશ્ગુલ હૈ. સિપાહિયોં મેં આપસ મેં ગુફ્તગુ હોને લગી. કિસીને કહા, ‘યહી હૈ.’ કિસીને કહા, ‘વો નહી હો શકતા, ઐસે નાજુક ઔર ખતરનાક લમ્હાત મેં વોહ નમાઝ કે લીએ કૈસે રૂક શકતા હૈ.’ કિસીને કહા કે, ‘ઈસસે પુછ લેના ચાહીએ.’ કિસીને કહા કે, ‘વોહ ઘોડોં કે પૈરોં કે નશાનાત કો દેખો- જો આગે

બઢ ગએ હૈં. ઈતની દેર મેં કે હમ રૂક કર ઈસ સવાર સે પુછ કછ કરેં વોહ લોગ ઔર આગે બઢ જાયેંગે ઔર હમારી દસ્તેરસ સે બાહિર હો જાએગેં.' યે કેહ કર ઉન્હોં ને અપને ઘોડો કો એળ દી ઔર આગે બઢ ગએ.

### *મેહદી અલયહિસ્સલામ સે મુલાકાત*

આપને જબ અપની નમાઝ ખત્મ કી ઔર કિસી સે પુછા કે, 'ઈસ જંગલમેં અઝાન કિસને દી?' ઉસને કહા કે, 'મુતવક્કલોં કી એક જમાઅત-જો અહેમદાબાદ સે આઈ હૈ. ઉસકા સરદાર સૈયદ મુહમ્મદ જૌનપુરી હૈ. ઈસ જમાઅત કો બાદશાહ ને અહેમદાબાદ સે ઈખરાજ કર દીયા હૈ.' યે સુનતે હી આપકે દિલમેં સાલારે જમાઅત (મેહદી અ.સ.) સે મીલને કી ખ્વાહિશ પૈદા હુઈ.

આપ ઉસ દાયરે કે કરીબ આએ તો દેખા કે તમામ લોગ ફટે-પુરાને કપડોં મેં હૈં, લેકીન ઉનકે ચેહરોં પર અનવારે ઈલાહી ચમક રહે હૈં ઔર એલાન કર રહે હૈં કે યે અલ્લાહવાલોં કી જમાઅત હૈ. આપને એક ફકીર સે પુછા કે, 'તુમ્હારા સરદાર ભી કોઈ હૈ?' ફકીર ને આપકી રહબરી હુઝૂર મેહદી (અ.સ.) કી તરફ કી ઔર આપકો હઝરત કી ખિદમતે અકદસ મેં પહૂંચા દીયા ગયા. ઈમામ (અ.સ.) ને આપકો દેખતે હી બગૈર પુછે આપકે નામ સે પુકારા ઔર નજરે ફૈઝ અસર ને અપના કામ કીયા. તમામ બુરાઈયાં મહ્વ હો ગઈ. કદમોં પર ગિર ગએ.

દુસરી રિવાયત મેં મુલાકાત કા હાલ ઈસ તરહ લીખા હૈ કે જબ શાહે નેઅમત (રઝી.) હુઝૂરે મેહદી (અ.સ.) મેં તશરીફ લાએ વો અસર કા વકત થા ઔર મેહદી (અ.સ.) હસ્બે આદત બયાને કુરઆન ફરમા રહે થે. બયાન સુનકર મિયાં શાહે નેઅમત અપને સે બાહિર હો ગએ અપને અકૂઅલે

કબીહા કો યાદ કર કે રોને લગે ઔર જબ મગરિબ કી નમાઝ હો ચુકી તો આપ મેહદી (અ.સ.) કે કદમોં પર ગિર પડે ઔર રો-રો કર અર્ઝ કીયા, ‘મુજસે બડા ગુનેગાર કોઈ નહીં. મૈં અપને ગુનાહોં કો કિસ તરહ મુઆફ કરા શકતા હું.’ આપને ફરમાયા, ‘ખુદા-એ-ત્આલા ગફુરૂર્રહીમ હૈ. ખુદા કે ગુનાહ જો કીયે હૈં ખુદા સે મુઆફ કરાવ. મખલુક કે ગુનાહોં કોં મખલુક સે મુઆફ કરાવ.’

## *હુક્કુલ ઈબાદ કી તાકીદ*

ઈમામ અલયહિસ્સલામ કે ઈર્શાદ કે મુતાબિક શાહે નેઅમત (રઝી.) અપને તમામ દાવેદારોં કે પાસ ગએ ઔર કહા, ‘મુઝસે અપના બદલા લે લો.’ સબસે પહેલે હાથ બાંધે હુવે નંગી તલવાર હાથ મેં લીએ હુવે ઉસ અબ્દુલ્લાહ હબ્સી કે ઘર ગએ, જીસકે લડકે કો કત્લ કીયા થા ઔર આવાઝ દી. પહેલે વોહ આપકી આવાઝ સુનકર ઔર આપકી નંગી તલવાર દેખકર ઘબરાયા. ફીર જબ ગૌર સે દેખા કે યે વોહ શાહે નેઅમત નહી હૈ, તો ઘર સે બાહિર આયા ઔર આપકે રૂબરૂ હો ગયા. આપને અપની તલવાર ઉસકે હાથ મેં દે દી ઔર કહા, ‘તેરે લડકે કો મૈંને કત્લ કીયા હૈ. તુ મુઝસે કિસાસ (બદલા) લે ઔર મેરી ગરદન માર.’ યે કેહ કર ગરદન ઝુકા કર ખડે હો ગએ. અબ્દુલ્લાહ કો હૈરત હુઈ કે ઐસે સરકશ શખ્સ કી હાલત ઈસ તરહ બદલ જાના કે વોહ સરનિંગુ હો જાએ-મામુલી બાત નહી હૈ. ઈસમેં યકીનન્ કોઈ બડા ભેદ હૈ. પુછા, ‘તુમને કબ તૌબા કર લી.’ કહા, ‘હઝરત સૈયદ મુહમ્મદ જૌનપુરી સે.’

## *બીવી કે હક કી અદાયગી*

બૈઅત કર લેનેં કે બાદ યે સુનતે હી ઉસકે દીલ મેં ઈશ્કે ખુદા પૈદા હો ગયા. પહેલે તો ઉસને આપકા કસુર ઔર કિસાસ મુઆફ કર દીયા ઔર ફીર મેહદી (અ.સ.) કા પતા પુછા, તા કે વોહ ખુદ ભી ઉસ નેઅમત સે માલા માલ હો જાએ, જીસ સે હઝરત શાહે નેઅમત (રઝી.) કા દામન ભરા હુવા થા. હઝરત ને સાંતેજ કા પતા દીયા. વોહ સીધા વહાં પહોંચા, લેકીન મેહદી (અ.સ.) વહાં સે રવાના હો રહે થે. ઉસને પટ્ટન જા કર મેહદી (અ.સ.) સે મુલાકાત કી. ઈસ તરહ શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ફરદન-ફરદન હર એક અપને દાવેદાર સે મીલ કર અપના કસુર મુઆફ કરવાયા. ઉસકે બાદ મકાન જા કર દોનોં બીવીયોં કો હક અદા કર દીયા ઔર કહા કે, ‘બંદા અબ સૈયદ મુહમ્મદ કી ગુલામી મેં આ ગયા હૈ. આજ સે બંદે કી બાગ હઝરત સૈયદ મુહમ્મદ (મેહદી-એ-મવઊદ) કે હાથોં મેં હૈ ઔર તુમકો ઈખ્તિયાર હૈ જહાં ચાહે રહો. બંદે કા તુમ પર જબર નહીં.’ યે કહા ઔર મેહદી (અ.સ.) કા પતા પુછતે હુએ પટ્ટન જા કર આપ સે મુલાકાત કી. તર્કે દુનિયા કી ઔર આપકી સોહબત સે ફૈઝે મંઝીલત ઈખ્તિયાર કી. ન સિર્ફ ખુદા બીં બને બલ્કિ ખુદાનુમા બન ગએ.

## *ફઝાઈલ ઔર મરાતીબ*

હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ૨૯ બરસકી ઉમ્ર મેં તૌબા કી ઔર હુઝૂર મેહદી (અ.સ.) કી સોહબત ઈખ્તિયાર કી. ઈસ તરહ કે ફીર આપ સે જુદા હી ન હુએ. બ-જુઝ ઉસ મૌકે કે હુઝૂર મેહદી-એ-મવઊદ (અ.સ.) ને આપકો અપને હુક્મ સે ગુજરાત રવાના ફરમાયા થા. મેહદી (અ.સ.) કે સાથ આપકી સોહબત કી મુદ્દત સાત સાલ રહી ઔર

મેહદી (અ.સ.) કે વિસાલ કે બાદ આપ ચૌબીસ યા પચ્ચીસ બરસ ઝિંદા રહે.

આપકા દાયરા પટ્ટન, જાલોર, અહેમદાબાદ (ગુજરાત કે ઈલાકો મેં) ઔર એહમદનગર (ખાનદેશ કે ઈલાકો મેં) રહા.

ઈમામ (અ.સ.)ને આપકો "મર્દે કલ્લાશ ફરમાયા" હૈ. ઈમામ (અ.સ.) ને આપકો "મિકરાઝે બિદઅત" ફરમાયા.

ઈમામ (અ.સ.) ને ફરમાયા કે, 'હમ ઔર ભાઈ નેઅમત તવક્કુલ કે મૈદાન મેં ઘોડે દૌડાએ. કુછ ફર્ક ન થા, મગર દો કાન હી.'

ઈમામ (અ.સ.) ને ફરમાયા કે, 'મિયાં નેઅમત વિલાયત કે ઉમર હૈં.'

ઈમામ (અ.સ.) ને મિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) કે કંધે પર હાથ માર કર ફરમાયા કે, 'મિયાં નેઅમત મર્દે મર્દાના હૈં.'

આપકા કદમ હંમેશા અઝીમત ઔર આલિયત પર હૈ, બલ્કિ અપને દાયરે મેં ભી આલિયત પર હી અમલ હુઆ કરતા થા. કેહતે હૈં કે જબ તક કુકરાઓ મેં ઈઝતરાર ન હોતા-કિસી કી કુતુહ કુબુલ નહીં ફરમાતે થે.

જબ હઝરત મેહદી (અ.સ.) કા વિસાલ હુઆ ગુસ્લ કે બાદ જો પાની નાફ મેં રહ ગયા થા-હઝરત શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ઉસકો પી લીયા. હઝરત મેહદી (અ.સ.) ને એક મરતબા આપસે ફરમાયા, "તું મુઝ લોળ ન લોળ, હું તુઝ લોળ નિહાર" યાને 'તુ મુઝે ચાહે ન ચાહે, મૈં તુઝે ચાહને વાલા હું.' વાકિઆ કી તફસીલ ઝેલમેં દી જાતી હૈ.

રિવાયત હૈ કે મેહદી (અ.સ.) ને ઠઠ્ઠા સે હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) કો ગુજરાત કી તરફ યે અલ્ફાઝ કેહ કર રવાના ફરમાયા કે "આને વાલોં કો અપને સાથ લાઓ."

આપને હઝરત બંદગીમિયાં સૈયદ ખૂંદમીર સિદ્દીકે વિલાયત (રઝી.) કો ભી ગુજરાત જાને કા હુક્મ દીયા. આપને જબ ઉજર કીયા કે, 'મેરા કોઈ વહાં નહી હૈ. બંદે કો ખિદમત ઔર સોહબત સે કયું દુર કીયા જા રહા હૈ.' તો આપને ફરમાયા "દર રફ્તન શુમા મકસુદે ખુદા અસ્ત" 'તુમ્હારે જાને મેં મક્સુદે ખુદા હૈ.'

ઉસ વકત તક હઝરત બંદગી મીરાં સૈયદ મેહમુદ સાનીયે મેહદી (રઝી.) શાહી ખિદમત મેં થે. ઔર હુઝૂર મેહદી (અ.સ.) સે કસબ કી ઈજાઝત લે કર મુલાઝીમત ઈખ્તિયાર કરને કે બાદ આપકી મેહદી (અ.સ.) સે મુલાકાત નહી હુઈ થી. વૈસે ખત્તો કિતાબત કા સિલસિલા જારી થા. ઈસ દૌરાન સાનીયે મેહદી (રઝી.) ને ખ્વાબ દેખા ઔર તય કર લીયા કે મુલાઝીમત છોળકર મુઝે આકા કી ખિદમત મેં ચલે જાના હૈ. આપકી હરમે મોહતરમ બીબી કદબાનું (રઝી.) ને ભી આપકે સાથ ચલને પર આમદગી જાહીર કી. સારા રહાઈસી સામાન ઔર ઝેવર ફરોખ્ત કર કે તનખ્વાહેં કર્ઝા જાત વગૈરા અદા હુવે ઔર હઝરત મેહદી (અ.સ.) કી ખિદમત મેં જાને કે ઈરાદે સે આપ ચાંપાનેર સે રવાના હો ગએ. રાસ્તે મેં રાધનપુર મેં આપ મહઝ ઈસ વજહ સે ઠહેર ગએ કે આઈન્દા સફર કે લીએ આપકે પાસ જાદેરાહ નહીં થા. ઉન્હી દીનોં મેં હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) પહેલે ઔર હઝરત બંદગીમિયાં સૈયદ ખૂંદમીર (રઝી.) ઉનકે બાદ ફરાહ મુબારક જાતે હુએ રાધનપુર તશરીફ લાએ.

હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) કે પાસ ગુજરાત સે મુરીદોં ને ઉમુમન સુલતાન મહેમુદ બેગડા કી બહેન રાજે મુરાદી ને બહુત કુછ તહાઈફ નજરાને વગૈરા થે-જો ઈમામ ( અ.સ.) કી ખિદમત મેં પેશ કરને કી ગરજ સે દીયે ગએ થે. જબ હઝરત સાનીયે મેહદી (રઝી.) કો શાહે નેઅમત (રઝી.) કી આમદ કી ઈત્તેલા મીલી તો આપને ઉનસે મીલકર અપના હાલ સુનાયા ઔર ફરાહ મુબારક હઝરત કી ખિદમત મેં જાને કે લીએ બ-તૌરે ખર્ચે સફર આપને શાહે નેઅમત (રઝી.) સે ઝરૂરી મદદ કા મુતાલેબા કીયા. હઝરત શાહે નેઅમત (રઝી.) ને જવાબ દીયા કે, ‘બંદે કે પાસ ભી જાદેરાહ થોડા હી હૈ. અબ રહી વો રકમ જો ખિદમતે મવઊદ મેં પેશ કરને કી ગરઝ સે મેરે પાસ હૈ વોહ અમાનત હૈ. મૈં ઉસે હુઝૂર કી ખિદમત મેં હી પેશ કરૂંગા. બંદા અમાનત મેં ખ્યાતન નહી કરતા.’ ઈસ જવાબ સે હઝરત સાનીયે મેહદી (રઝી.) કો ઈસ અંદેશે સે રંજ હુવા કે અબ હુઝૂર મેહદી (અ.સ.) કી ખિદમત મેં પહોંચને કી ક્યા સુરત હો સકતી હૈ, જબકે મેહદી (અ.સ.) સે ઝ્યાદા કરીબ રહેનેવાલે હઝરત શાહે નેઅમત (રઝી.) ને આપકી ઈમદાદ ઉસ માલ મેં સે નહીં કી જો આપકે વાલીદ માજીદ મેહદી (અ.સ.) કે નામ કી થી. ઉસકે બાદ હઝરત બંદગીમિયાં સૈયદ ખૂંદમીર (રઝી.) રાધનપુર તશરીફ લાએ. મિયાં કો જબ ઈન હાલાત કા ઈલ્મ હુવા તો આપને પેશ કદમી ફરમાં કર ખુદ સાનીયે મેહદી (રઝી.) કે પાસ તશરીફ લે ગએ ઔર હાલાત કે તકાઝે ઔર વક્ત કી નજાકત કે પેશે નઝર આપને વોહ સબ આપકે હવાલે કર દિયા જો સુલ્તાન કી બહેન રાજેસોન કે અલાવા દુસરે અકીદતમંદાને મેહદી ને હુઝુરે મેહદી (અ.સ.) મેં પેશ કરને કી ગરઝ સે આપકો દીયા થા ઔર યે કહા કે, ‘ખુદા કા શુક્ર હૈ કે

અલ્લાહ ને ઈસી મુકામ પર ઈસ જીમ્મેદારી સે સબકદોસ કરા દિયા. માલ કા વારિશ મુઝે યહીં મિલ ગયા. યે સબ આપકા હૈ. હસ્બે ઝુરૂરત આપ હી કાફલે વાલોં પર ખર્ચ કીજીએ.'

ઈસ જબાબ સે હઝરત સાનીયે મેહદી (રઝી.) કી ખુશી ફીતરી બાત થી, કયું કે ઈસ સે ખિદમતે મેહદી (અ.સ.) મેં જલ્દ-અઝ-જલ્દ પહોંચ જાને કી દિલી આરઝૂ પુરી હોને કા સામાન મિલ ગયા થા.

ઉસકે બાદ કુછ લોગ મેહદી (અ.સ.) કી ખિદમત મેં જાને કે ઈરાદે સે હઝરત શાહે નેઅમત (રઝી.) કે પાસ આએ. હઝરત શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ઉનકો અપને સાથ કર લીયા ઔર રાસ્તે મેં ઉન પર ખર્ચ ભી કીયા. મેહદી (અ.સ.) કી ખિદમત મેં પહોંચ જાને કે બાદ હઝરત શાહે નેઅમત (રઝી.) ને સફર કે પુરે ખર્ચ કા હિસાબ ઔર બાકિયા માલ પેશ કીયા.

હઝરત સાનીયે મેહદી (રઝી.) ને મેહદી (અ.સ.) સે સારા વાકિઆ બયાન કિયા. હઝરતને ફરમાયા કે, 'કયા શાહે નેઅમત કો ગુજરાત કી મિસાલ યાદ નહીં કે કેહતે હૈં કે બેટા બાપ કા વારિસ હોતા હૈ.'

રિવાયત હૈ કે બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) યે સુનકર રંજીદા હો કર એક મસ્જિદ મેં (જો જંગલમેં થી) ચલે ગએ. હઝરત મીરાં (અ.સ.વ.) તશરીફ લે જા કર મિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) કા હાથ પકડ કર લાએ ઔર યે ફરમાયા કે "તુ મુઝે લોળ ન લોળ હું તુજ લોળ નિહાર" 'તુ મુઝે ચાહે ન ચાહે, મૈં તુઝે ચાહને વાલા હું.'

હઝરત શાહે નેઅમત (રઝી.) કી રંજીદગી કા સબબ યે એહસાસ થા કે ઉન્હોંને સિર્ફ નફ્સે મસઅલે કો દેખા ઔર હાલાત કે તકાઝે કો કયું નઝર નહી રખ્ખા.

## *હઝરત શાહે નેઅમત (રઝી.) સે મુતાલ્લિક ઔર મરવી ચંદ નકલિયાત*

(૧) હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) સે એહલિયા ને દાયરાને કહા કે, 'નયે આદમી આતે હૈં. ઉનકે લીએ બયાન આહીસ્તા કીજીએ.' મિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ફરમાયા કે, 'મેહદી કી સોહબત મેં બંદે કી દાઢી સુફેદ હુઈ, તુમ બંદે કો સીખાતે હો...! દુનિયા કા તાલિબ બંદે કે પાસ આએ-એક વાર દો ટુકડે. અગર રહા તો ખુશનસીબ ઔર અગર ભાગ ગયા તો બલા ગઈ. બંદા તાલિબે દુનિયા કે નફ્સ કા તાબે ન હોગા. હક્ક અકસર લોગોં કો પસંદ નહી આતા. બંદે કા કામ હક્ક અદા કરના હૈ.'

(૨) હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ફરમાયા કે 'એક મુરદાર ખ્વાર મુસલમાન હો ગયા થા. એક રોઝ મુરદાર ખ્વારોં કે ઘર ગયા. એક ઘંટા ઉનકે પાસ બૈઠા. ઉસકે બાદ ખડા હુવા.' ઉન્હોંને કહા કે, 'હમારે ઘર સે કુછ ખા કર જા.' ઉસને કહા, 'મૈં મુસલમાન હું. તુમ્હારે ઘર મેં કૈસે ખાઉં...!' ઉન્હોં ને કહા, 'આટા લે ઔર નયા બરતન કુંભાર સે ખરીદ ઔર ખુદ પકા.' ઈસી તરહ ઉસને રોટી અપને હાથ સે પકાઈ ઔર ખાને કે લીએ બૈઠા. રોટી રૂખી થી. કહા, 'તુમ્હારે ઘર મેં કુછ સાલન હૈ?' ઉન્હોં ને કહા, 'જો કુછ તું જાનતા હૈ વહી સાલન (મુરદાર કા સાલન) રખતે હૈં.' કહા, 'થોળા સોરબા લાવ.' ઉન્હોં ને લા દીયા. રોટી સોરબે સે ખાઈ ઔર મુરદાર ખ્વારોં મેં મીલ ગયા.

(૩) હઝરત બંદગીમિયાં સૈયદ ખૂંદમીર (રઝી.) ઔર હઝરત બંદગીમિયા શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ફરમાયા, ‘અગર કોઈ હમારી ઝાત મેં મેહદી કે ખિલાફ કોઈ ચીજ દેખે ઔર હમારા દામન ન પકળે તો હમ કયામત કે દિન ઉસકા દામન પકડેંગે.’

(૪) હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ફરમાયા, ‘જીસને ખુદા-એ-ત્આલા કી રાહ ઈખ્તિયાર કરને કે બાદ દુનિયા કો તલબ કીયા તો વોહ મૂરતદ હૈ. યહાં તક કે ઉસ કામ કો તર્ક કરે ઔર ખુદ પર હરામ જાને (વોહ કામ) ઔર તૌબા કરે તો ખુદા-એ-ત્આલા ઉસકો બખ્શે.’

(૫) હઝરત બંદગીમિયા શાહે નેઅમત (રઝી.) જંગલ મેં જા રહે થે ઔર દસ સિપાહી ભી નોકરી કી તલાશ મેં જા રહે થે. શાહે નેઅમત (રઝી.) ને પુછા, ‘કહાં જાતે હો?’ ઉન્હોંને કહા, ‘નોકરી કે લીએ જાતે હૈં.’ મિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ફરમાયા, ‘હમ તુમકો નૌકર રખ લેતે હૈં.’ ઉન્હોંને કુબુલ કીયા તો દાયરે મેં લાએ. નોકરોં ને અપને ઘોડોં કો અલાયહીદા રખ્ખા. મિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ઉનકો તલ્કીન કી. હુજરોં મેં બિઠાયા ઔર ફરમાયા, ‘હમારા કામ યે હૈ, તુમ ભી કરો (અલ્લાહકા ઝીક્ર કરો.) મૈંને હરરોઝ જો કુછ દેને કા વાયદા કીયા હૈ, શામ હોતે હી દેતા હું.’ જો કુછ ખુદા-એ-ત્આલા ભેજતા, ઉનકો દે દેતે. જીસ વકત કુછ ન હોતા તો કર્ઝ કર કે દેતે. દાયરે કે ભાઈયોં ને હઝરત સે અર્ઝ કીયા કે, ‘આપ કીતને દિન ઈસ તરહ સે કર્ઝ કરોગે.’ હઝરતને ફરમાયા, ‘કલ માલુમ હો જાએગા. અગર યે લોગ ખુદા કે તાલિબ હૈં તો હરગિઝ તન્ખવાહ કુબુલ નહી કરેગેં. અગર દુનિયા કે તાલિબ હૈં તો દાયરે મેં ન રહ

શકેંગે.' ઈસકે બાદ સાત અસખાસ ખુદા પર ભરોસા કર કે રહે ઔર તીન અસ્ખાસ ભાગ ગએ.

(૬) હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ફરમાયા કે, 'ખુદા-એ-ત્આલા ને ઈસ ઝમાને મેં બંદે સે બાતિની તક્વા કામિલ અતા કીયા હૈ.' ઉસકે બાદ આપ કાબતુલ્લાહ તશરીફ લે ગએ.

(૭) હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) બાંદી નહી રખતે થે, કયું કે હઝરત મેહદી (અ..સ) ભી બાંદી નહી રખતે થે. મિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) મેહદી (અ.સ.) કે તાબ-એ-તામ થે.

(૮) હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ફરમાયા કે, 'મુબ્તદી-એ- તાલિબે ખુદા કે લીએ હુજરે સે બાહિર જાને મેં બહુત નુકશાન હૈ, કયું કે હર ચીઝ કો દેખતા હૈ તો ઉસકી આરઝુ કરતા હૈ. પરેશાન હો જાતા હૈ, લેકીન અગર મૂન્તહી જાતા હૈ તો હર કદમ પર કુદરત કી શહાદત દેતા હૈ. કયું કે હર ચીઝ કો દેખતા હૈ. અગર નફ્સ ખતરા લાતા હૈ તો ઉસકી નફી કરતા હૈ ઔર ઉસ પર અમલ નહી કરતા. બાઝાર કો જાને સે ઉસકા કોઈ નુકશાન નહી હોતા.'

(૯) હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) કે ઘર મેં સે એક બિરાદર કો કહા કે, 'નાળા લા દો.' મિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને દેખા ઔર પુછા, 'કહાં જાતે હો?' બિરાદરને કહા, 'એક પૈસે કા નાળા મંગવાયે હૈં.' ઉસ પૈસે કો મિયાં ને લે લીયા ઔર બીબી કો ફરમાયા કે, 'એક પૈસે કા સન તુમ્હારે લીએ ઔર બહેનોં કે લીએ કાફી હૈ. બાકી સન ખુદા કી રાહ મેં દે દો.' બીબીને ઉસ પર અમલ કીયા. હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) એહલિયા ને દાયરા કો લાને કે લીએ જાલોર ગએ. તમામ

અસ્ખાસ દાયરે સે બાહિર હો ગએ. તમામ મર્દ ઔર ઔરતેં આ ગઈ. મિયાં નેઅમત (રઝી.) ને પુછા, 'કયા કોઈ શખ્સ દાયરે મેં રહ ગયા હૈ.' બિરાદરોં ને કહા, 'તમામ લોગ આ ગએ હૈ.' મિયાં ખુદ હી દાયરે મેં ગએ. દેખા એક માઅજુર બુઢી રહ ગઈ હૈ. મિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ઉસ બુઢી કો અપને ઘોડે પર બિઠા કર તીન મંઝીલ આએ ઔર ખુદ ઘોડે કે સાથ પૈદલ ગએ ઔર ફરમાયા કે, 'ખુદા-એ-ત્આલા ને હમકો ઈસી બુઢી કે વાસ્તે લાયા હૈ.'

(૧૦) બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ફરમાયા કે, 'તૌબા કી શર્ત ઐસી હૈ કે ગાય કા દુધ જિસ તરહ પીસ્તાન સે બાહિર આતા હૈ ઔર ફીર બહુત કુછ ઈરાદા કરતે હૈં કે દુધ પીસ્તાન મેં જાએ, તો હરગીઝ નહીં જાતા. ઈસી તરહ તૌબા કરના ચાહીએ.'

(૧૧) હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) કે ઘર મેં બીબી અપની દામની હિફાજત સે રખ્ખે થે. અપને કુર્તે કા દામન સર પર ઓઢ લેતે થે. મિયાંને ફરમાયા, 'બીબી...! ઐસા અમલ કરો ઔર યે દામની ખુદા કી રાહ મેં દે દો.' બીબીને વૈસા હી અમલ કર કે દામની ખુદા કી રાહ મેં દે દી.

બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ફરમાયા, 'નેક સોહબત ઈસ કો કેહતે હૈં, જીસકો કોલ-વ-ફઅલ કુરઆન શરીફ કે ખિલાફ હો ઉસ કો મના કરે, રવાદારી ન કરે. અગર ઐસા શખ્સ ન હો તો ચાહીએ કે મુખાલિફ કે પાસ જાએ તા કે વોહ કુરઆન કે કોલ-વ-ફઅલ સે ઉસકો હોશિયાર કરે.' હઝરત મેહદી (અ.સ.) કી સોહબત મેં હઝરત બંદગીમિયાં શાહે

નેઅમત (રઝી.) કો બહુત ઈઝતરાર થા. આપકે પાયજામે પર ચંદ પેવંદ લગે હુવે થે. ઈસ તરહ કે ઢીલા પેવંદ મેં ગુમ હો ગયા થા.

(૧૨) જાલોર મેં જામેઅ મસ્જિદ થી. બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) જા કર મસ્જિદ મેં એતેકાફ મેં બૈઠે.

(૧૩) બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ગુજરાત સે દક્કન કી તરફ રવાના હુવે. રાસ્તે કે દરમિયાન નદી કા સૈલાબ આ ગયા. તમામ લોગ નદી સે નહીં ગુઝર શકતે થે. મિયાં (રઝી.) બિસ્મિલ્લાહ કેહ કર નદી મેં કમર બરાબર પાની મેં ખડે હો ગએ. ઔર અપની ઉંગલીસે પાની કો ઈશારા કીયા તો પાની જુદા હો કર રાસ્તા દીયા. મિયાં ને બિરાદરોં સે ફરમાયા કે, ‘તુમ સબ અસ્ખાસ ચલે જાઓ.’ ઈસી તરહ સબ બિરાદર નદી સે ગુજર ગએ. ઈસકે બાદ મિયાં બાહિર આએ ફીર નદી કા સૈલાબ આયા.

(૧૪) હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ભી ઈસી તરહ મુઆમલા અયાં દેખા ઔર ફરમાયા, ‘બંદે કો આખિર ઝમાને કે મુર્શદીન દિખલાએ ગએ થે. ઈસ તરહ કે અઝાબ બહુત હોતા હૈ. મુર્શદી કી હવસ નહીં કરની ચાહીએ. જીસ જગહ દસ ફકીર મુદુઆ-એ-મેહદી (દિદારકી તલબ) પર કાયમ રહેં. ઉનકી સોહબત મેં રહેં. અગર ચેહ (સોહબત યાફ્તાબ) મુર્શદી કરેં તો અચ્છા હૈ વરના કોઈ ફાયદા નહીં. ઔર જીસ કિસી સે દીન કા ફાયદા ન હો તમામ તાલિબાને ખુદા ઉનકી સોહબત સે ઉનકે દુગાના સે ઔર ઉનકી મુસ્તેખાક સે ખાલી હૈં-કોઈ ફાયદા નહીં.’

(૧૫) બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ફરમાયા કે, ‘ખુદા કા તાલિબ ચાહતા હૈ કે એકદમ જુદા ન હોં, લેકીન તાલિબ કી ખૈરીયત ઈસી

મેં હૈ કે કભી ફિરાક ઔર કભી વિશાલ રહે. હંમેશા વિશાલ ભી અચ્છા નહી. હંમેશા ફિરાક ભી (નઅઉઝુ બિલ્લાહ) અચ્છા નહીં.'

(૧૬) બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને હઝરત મેહદી (અ.સ.) કે હુઝૂર મેં અર્ઝ કીયા કે, 'બંદા કુછ નહી દેખતા હૈ.' હઝરત મેહદી (અ.સ.) ને ફરમાયા, 'મિયાં નેઅમત...! તુમ્હારી કાબેલિયત બડી હૈ. એક બાર ખુદા-એ-ત્આલા દેગા. જો શખ્સ કે મઝદુરી કરતા હૈ અગર ઉસકો ઉસ રાત મેં મઝદુરી નહીં દેતે હૈં તો કલ (દુસરે દિન) નહી આતા. જો શખ્સ કે બુર્ઝુગ હૈ ઉસકો ચંદ રોજ મઝદુરી નહી દેતે હૈં તો ઉજર નહી કરતા. ચાકરી કરતા હૈ તો ઉસકો એક બાર દે દેતે હૈં.'

(૧૭) બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) એક જગહ બૈઠે હુએ થે. અક્સર બિરાદર હાઝીર ન થે, મગર (૧૬) સોલહ બિરાદર હાઝીર થે. બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને આસમાન કી તરફ દેખકર મુશ્કુરાયા. બિરાદરોં ને અર્ઝ કીયા, 'મિયાં કો ફરમાને ખુદા કીયા હુવા હૈ.' બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને ફરમાયા, 'બુરાક સવારો ઔર ફરીશ્તે બંદે કે નજદીક આએ હૈં. દેખતા હું કે ખુદા-એ-ત્આલા કયા જાહીર કરેગા?' થોડી દેર હુઈ. લશ્કર આયા. જંગ શુરૂ હુઈ. બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ઔર (૧૬) સોલહ બિરાદર સબ ઉસી જગહ શહીદ હો ગએ.

(૧૮) બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) ને મુઆમલા દેખા કે હમને મેહદી (અ.સ.) કી ઝાતે મુબારક કો હમારી ઝાત મેં તમામ વાસિલ કર લીયા હૈ, મગર સર બચા હુવા હૈ. યે મુઆમલા હમને મેહદી (અ.સ.) કે હુઝૂર મેં અર્ઝ કીયા, 'હઝરત ને ફરમાયા ખુદા-એ-ત્આલા તુમકો બંદે કી કામિલ પૈરવી અતા કરેં.'

(૧૯) હઝરત મેહદી (અ.સ.) ને મિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) કો ફરમાયા કે, 'બિદઅત કી કેંચી હૈ.'

(૨૦) હઝરત મેહદી (અ.સ.) ને મિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) કો "કલ્લાશ" ફરમાયા યાઅની ફાનીફીલ્લાહ બાકીબિલ્લાહ.

(૨૧) હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) કાબતુલ્લાહ ગએ થે વહાં બહુત મશક્કત હુઈ. મુઆમલા દેખા કે હઝરત મેહદી (અ.સ.) ફરમાતે હૈં કે, 'હમારે ઔર તુમ્હારે તવ્વકલ કે દરમિયાન એક દાને કા ફર્ક રહ ગયા હૈ.'

(૨૨) નિઝ હઝરતને મિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) કો "ઈખ્વાન" ફરમાયા.

## *બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) કી શહાદત*

દૌલતાબાદ સે નિઝામશાહ બાદશાહ ને અફવાજ મૌગલ સે ડર કર અપની બેગમાત કો ઔર હરમ કી દુસરી ખવાતીન કો કીલ્લ-એ-લોહગઢ કી જાનિબ (જો એક મઝબુત ઔર અમન કી જગહ થી) રવાના કિયા થા, તા કે કિલ્લે મેં ચંદ દિન ગુઝારે ઔર બૈગમાત કા ઈન્તેકામ ઔર ઉનકી હિફાઝત કા ઝીમ્મેદાર ખ્વાજા સરા થા. જીસકા નામ કફસદારખાં બતલાયા જાતા હૈ. ઉસકો મેહદવીયોં સે અઝલી બૈર થા ઔર ઉસકા સીના પુરકિના મેહદવીયોં કે હસદ સે ભરા હુઆ થા. એક મરતબા દાયરે કે અક્સર લોગ જંગલ સે લકળી લાને કે લીએ ગએ હુએ ઔર હઝરત બંદગીમિયાં શાહે નેઅમત (રઝી.) અપને ચંદ સાથિયોં કે સાથ (જીનકી તાદાદ (૧૬) સોલહ ઔર બાઝ રિવાયતો મેં (૧૭) સતરહ યા (૧૮) અઠ્ઠારહ બતાઈ જાતી હૈ) અસર ઔર મગરિબ કે દરમિયાન ઝિક્ર વ

મુશાહિદ-એ-હક મે મશરૂફ થે-કે અચાનક શાહ કે કબાઈલ કી ફૌજ કા ગુઝર ઉસ નેઅમતુલ્લાહી દાયરે પર હુઆ. ઔર દુર હો જાઓ, દુર હો જાઓ કા એહતેમામ શુરૂ હુવા. હઝરત શાહે નેઅમત (રઝી.) ઔર આપકે સાથિયોં કો જો મુશાહિદા ઔર મુકાશિફા મેં ગર્ક થે, ઉસકી ખબર ન હુઈ ઔર વોહ નહી ઉઠે. ફૌઝ કે નાઝિર ને કત્લ કા હુક્મ દે દીયા ઔર હઝરત શાહે નેઅમત (રઝી.) મએ ફુકરા શહીદ કર દીયે ગએ. એક રિવાયત મેં હૈ કે બાદ નમાઝે ઈશા બુલંદ અવાઝ સે તસ્બીહ કહી ગઈ, જીસકી વજહ સે આપકી શહાદત અમલમેં આઈ.

શહાદત કે વકત આપકી ઉમર શરીફ (૬૧) એકસઠ બરસ કી થી ઔર સને હિજરી ૯૩૫ થા ઔર તારીખ શાબાન મીસઝ્ઝમ કી (૨૨) બાઈસ થી.

આપકા રોઝ-એ-અતહર લોહગઢ કે દામન મે ઉસી મકામ પર હૈ. આપકી ઝિયારત સે મુશર્રફ હોને વાલે હઝરત તલેગાંઉ યા કામશેત સે બ-ઝરીયે બસ કાલે કોલોની જા સકતે હૈં ઔર વહાં સે પૈદલ રાસ્તા હઝરત કી મજાર શરીફ તક જાતા હૈ.

આપકે યું તો બહુતસે ખુલફા થે, લેકિન ઉસ મેં મશહુર હઝરત વલી મહંમદ, હઝરત કાઝી અબ્દુલ્લાહ, કાઝી મુનીજીબુદ્દિન બદરી મુસન્નિફ 'મખ્ઝનુલ દલાઈલ' (અરબી), કબીર મહંમદ શુજાવંદી ઔર અબ્દુલ મોમીન સુજાવંદી રહમલ્લાહુ અજમઈન હૈં.